कहना मत बाबा ये सबके सामने

कहना मत बाबा ये सबके सामने,
आता हु मै तुमसे मांगने,
जो जान वो जायेगे मेरी हसी उड़ाए गे,
कहना मत बाबा ये सबके सामने.......

धन और दौलत तो खेल है नसीब का,
लाज ही तो होता है गहना गरीब का,
जो लाज गवाए गे तो फिर कहा जायेगे,
कहना मत बाबा ये सबके सामने....

अपने समझते की मैं ही घर चला रहा,
जाने गे अगर वो की मांग के मैं ला रहा,
वो ऊँगली उठाये गे मेरा मान घटाए गे,
कहना मत बाबा ये सबके सामने आता हु मै तुमसे मांगने

मेरे रोज आने पर हो कोई सवाल तो,
कह देना मिलने बुलाया तूने लाल को,
सब चुप हो जायेगे हम खुश हो जाये गे,
कहना मत बाबा ये सबके सामने आता हु मै तुमसे मांगने

सोनू अकेला नहीं मैं इस जहां में मेरे जैसे लाखो ही आते तुमसे मांग ने,
जो मांग ने आये गे वो येही चाहे गे,
कहना मत बाबा ये सबके सामने.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/6099/title/kehna-mat-baba-ye-sabke-samne-aata-hu-main-tumse-maange

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |